जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1999 दिनांक 15/11/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय– स्नातक – बी.ए./ बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.एस.सी. (होमसाइंस) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र एवं केन्द्र–प्रपत्र के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./ बी.एस.सी./ बी.एस.सी.(होमसाइंस) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र (ADMIT CARD) अग्रेषित महाविद्यालयों के लॉगिन पर उपलब्ध करा दिये गये हैं, जहां से अग्रेषित महाविद्यालय प्रवेश–पत्र प्रिन्ट कर छात्रों को वितरित करें। छात्रों के प्रिन्ट होने वाले प्रवेश–पत्रों पर परीक्षा केन्द्र का नाम प्रदर्शित हो रहा है, जिसमें परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होना है।

विश्वविद्यालय द्वारा उन्हीं छात्रों के प्रवेश–पत्र एवं केन्द्र–प्रपत्र ऑनलाइन जारी किये गये हैं, जिनके परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित महाविद्यालयों के द्वारा ऑनलाइन अपडेट किये गये हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी छात्र का प्रवेश–पत्र एवं केन्द्र–प्रपत्र विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन जारी नहीं किया गया है। यदि किसी छात्र का अभी तक परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन अपडेट नहीं किया गया है तो वह अपडेट एक्जाम फार्म (UPDATE EXAM FORM) ऑप्सन में जाकर छात्र की फीस तथा चालान नंबर डालकर परीक्षा आवेदन–पत्र अपडेट करें, उसके उपरांत उक्त छात्र का प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) एवं केन्द्र–प्रपत्र (अटेण्डेंसशीट) स्वतः ही ऑनलाइन प्रिन्ट हो जायेगी और छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा।

छात्र सुविधा की दृष्टि से परीक्षार्थी किसी भी साइबर कैफे पर जाकर विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jiwaji.edu/www.univindia.com पर दर्शाये गये लॉगिन ''Student Login (Session 2012-13) New'' के माध्यम से भी संबंधित अग्रेषित महाविद्यालय के कॉलेज कोड में जाकर कक्षावार सूची में से अपना प्रवेश–पत्र (एडमिट कार्ड) स्वयं भी प्राप्त कर सकते हैं।

.........2

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य से अनुरोध है कि स्नातक – बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.एस.सी.(होमसाइंस) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवंबर–2012 के अंतर्गत दिनांक 17 नवंबर 2012 से बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ हो रही है, जिसके सफल संचालन के लिये विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र ऑनलाइन कॉलेज लॉगिन पर भेज दिये गये हैं। जिन महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाया गया है, वह महाविद्यालय अपने केन्द्र से सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के केन्द्र–प्रपत्र एवं सीटिंग प्लान (डॉकेट) ऑनलाइन प्राप्त कर परीक्षा संचालित करायें।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।

कुलसचिव,

पृष्ठा.क्र.: जीवि/परीक्षा–2/गोप./2012/ दिनांक : 15/11/2012

प्रतिलिपि :–

1– श्रीमान् संपादक महोदय .... की ओर भेजकर निवेदन है कि कृपया उक्त परीक्षा परिणाम को अपने लोकप्रिय समाचार–पत्र में समाचारवृत्त के रूप में छात्र हित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2– आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
3– अधिष्ठाता छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4– जनसम्पर्क अधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5– उप–सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6– कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7– कम्प्यूटर सेंटर अजमेर की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8– प्रभारी, स्वागत कक्ष एवं सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)